>

Title: Request to grant compensation to five applicants died during physical test for police recruitment in Mumbai.

डॉ. किरीट सोमैया (मुम्बई उत्तर पूर्व) : माननीय सभापति जी, मुम्बई में...(व्यवधान) Sir, Members are disturbing me and asking about the allotment of houses. ...(व्यवधान) मुम्बई में दो सप्ताह पहले जिस प्रकार की परिस्थिति में 20 साल, 22 साल के पांच नौजवानों की मृत्यु हुई, मैं इसके प्रति आपका और आपके माध्यम से सरकार, समाज का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। वे जवान किसलिए मुम्बई आए थे। कोई गड़चिरोली आदिवासी क्षेत्र से आया था, कोई चंद्रपुर के पिछड़े क्षेत्र से आया था। गृह मंत्रालय की पुलिस की भर्ती में वे परीक्षा देने के लिए, नौकरी के लिए आए थे। मुम्बई जैसे शहर में दिन-दहाड़े साढ़े बारह बजे, डेढ़ बजे, दो बजे, तीन बजे सरकार और गृह मंत्रालय उनकी फिजिकल टैस्ट की परीक्षा मई और जून महीने में, मैं कभी ऐसा सोच भी नहीं सकता, एक ही दिन पांच लोगों की मृत्यु नहीं हुई। पहले एक की मृत्यु, दो-तीन दिन के बाद दूसरा, चार दिन बाद तीसरा, चौथा, पांचवा, 17 लोगों को अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। लेकिन वह सरकार कुभंकरण की सरकार रही। उन्होंने पांच लोगों की मृत्यु तक कुछ नहीं किया। सभापति महोदय, पूरा समाज उनके प्रति सरकार, गृह मंत्री, पुलिस कमिश्नर को रोज कह रहा था कि फिजिकल टैस्ट रोको। इनकी गरीबी का इस प्रकार से मजाक मत उड़ाओ। लेकिन आज तक न महाराष्ट्र के मुख्य मंत्री न गृह मंत्री, केन्द्र का एक भी नेता, किसी ने क्षमा भी नहीं मांगी।

19.00 hrs.

जब मैं इन परिवारों को लेकर केन्द्र सरकार के गृह मंत्री माननीय राजनाथ सिंह के पास गया, तो उन्होंने इसमें दखल देकर इस संबंध में all these physical tests are being carried out. केन्द्र सरकार को राज्यों से बात करके इसमें करैक्शन करना चाहिए और जो लोग दोषी हैं, उनको सजा मिलनी चाहिए। इनकी मदद व पुनर्वसन होना चाहिए।

मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि जो परिवार बेघर हो गये हैं, उनके प्रति वह संवेदना व्यक्त करे और दूसरे राज्य में इस प्रकार की घटना न हो, यह देखे।

HON. CHAIRPERSON:

Shri Kamlesh Paswan,

Shri Shivkumar Udasi and

Shri Devji M. Patel associated themselves with the matter raised by Dr. Kirit Somaiya.